प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
29.03.2025/प्रादेशिक समाचार/1500बजे

एमओयू

तेलंगाना सरकार लाहौल–स्पीति ज़िले में दो विद्युत परियोजनाओं पर काम करेगी। जिसको लेकर हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस समझौते के तहत, लाहौल–स्पीति में चार सौ मेगावाट के सेली और एक सौ 20 मेगावाट के मियार हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट बनाए जाएंगे। ये परियोजनाएं बिल्ट ऑपरेट एंड ट्रांसफर बेसिस पर बनाई जाएंगी। इस एम.ओ.यू. पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क मल्लू की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। बाद में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जो हाइड्रो प्रोजेक्ट राज्य सरकार की शर्तों को नहीं मानेंगे, सरकार उन्हें अपने नियंत्रण में लेगी। उन्होंने कहा कि तेलगाना को 40 साल के लिए ये प्रोजेक्ट दिया गया है। तेलंगाना सरकार ने इसके लिए 28 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि हिमाचल को दे दी है।

..............................................

पीएम–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 120वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा। मन की बात का सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी किया जाएगा। हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से प्रादेशिक भाषाओं में इस कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

..............................................

मंत्रिमंडल

राज्य सरकार ने 12वीं कक्षा तक शिक्षा की व्यवस्था के लिए प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय को स्कूल शिक्षा निदेशालय में स्तरोन्नत करने को मंजूरी प्रदान की है, जिसके तहत उच्च शिक्षा निदेशालय अब महाविद्यालयों के साथ–साथ उच्च शिक्षा के सभी पहलुओं का प्रबंधन करेगा। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में कल शिमला में आयोजित प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में ये फैसला लिया गया। मंत्रिमंडल ने बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार, हिमाचल नियम, 2011 में संशोधन करने का भी निर्णय लिया। बैठक में एचआरटीसी में 2 सौ 97 इलैक्ट्रिक बसें और 24 वातानुकूलित सुपर लग्जरी बसों की खरीद को भी मंजूरी प्रदान की गई है।

.............................................

<u>सिकंदर कुमार</u>

केंद्रीय विज्ञान व प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा है कि केंद्र सरकार ने आत्मनिर्भर चक्रीय अर्थव्यवस्था स्थापित करने, रोजगार सृजित करने और आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता कम करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। राज्यसभा में सांसद सिकंदर कुमार के एक सवाल के जवाब में उन्होंने ये बात कही। केंद्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि स्वदेशी तकनीक को बढ़ावा देने के लिए चक्रीय प्लास्टिक और संधारणीय रसायनों के डाउन स्ट्रीम उत्पान को सक्षम करने के लिए मुम्बई स्थित एक कंपनी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

.............................................

<u>विक्रमादित्य</u>

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत करना सरकार की प्राथमिकता है। शिमला के रिज़ मैदान पर शहरी आजीविका मिशन के तहत आयोजित राज्यस्तरीय सांझा उत्सव के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने यह बात कहीं। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि शिमला में कुछ दुकानें चिन्हित की जाएगी जहां साल भर स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाएं गए उत्पादों की बिक्री हो सकेगी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से महिलाओं की आजीविका बढ़ेगी।

उत्सव में हिमाचल सहित अन्य राज्यों के शहरी क्षेत्रों के स्वयं सहायता समूहों की 50 से अधिक महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है। ये उत्सव एक अप्रैल तक चलेगा।

.............................................